सार-समाचार

यूथ इंटक जिला कोटा की जिला कार्यकारिणी का गठन

कोटा, (निसं)। राजीव उपाध्याय महामंत्री जिला इंटक कोटा ने बताया प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली एवं प्रदेश अध्यक्ष यूथ इंटक महेन्द्र देवड़ा के निर्देशानुसार, यूथ इंटक जिला कोटा के जिला अध्यक्ष आशीष कुमार वैष्णव द्वारा संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में इंटक संगठन को मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से यूथ इंटक जिला कोटा की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवनियुक्त कार्यकारिणी में क्रांति तिवारी को संरक्षक, हेमन्त दाधीच को सलाहकार तथा आशीष कुमार वैष्णव को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इसके साथ ही हिमांशु वैष्णव एवं धर्मेन्द्र पाण्डे को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, फिरोज खान एवं सुरेश वैष्णव को उपाध्यक्ष, नीरज यादव को जिला महामंत्री तथा जितेन्द्र रामावत एवं रईस मोहम्मद को मंत्री बनाया गया है। वहीं नितिन वैष्णव को प्रचार मंत्री, हरिओम पुरी, शहनवाज खान एवं मोहम्मद अख्तर को संगठन मंत्री तथा मौहसिन खान, हंसराज बंशीवाल, संजय सिसोदिया, कन्हैया बैरागी, जाकिर खान, चेतन शर्मा एवं जय मीणा को सचिव मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर यूथ इंटक जिला अध्यक्ष आशीष कुमार वैष्णव ने कहा कि नवनियुक्त कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी जिला इंटक के साथ जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार दाधीच के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इंटक संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे तथा संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और कर्मचारियों की समस्याओं एवं उनके अधिकारों के लिए मजबूती से आवाज उठाएंगे। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं का समाधान एवं उन्हें न्याय दिलाना यूथ इंटक की प्राथमिकता रहेगी। साथ ही अधिक से अधिक युवाओं एवं श्रमिकों को संगठन से जोड़कर इंटक को मजबूत किया जाएगा।

औचक निरीक्षण अभियान में 15 हजार रुपये का जुर्माना

कोटा, (निसं)। उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार विधिक माप विज्ञान विभाग की ओर से कोटा जिले में विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। अभियान के तहत विधिक माप विज्ञान अधिकारी भूपराज जाटव ने कोमल नमकीन भण्डार रानपुर, शिवम एडीबल ऑयल इंडस्ट्रीज रानपुर एवं लालाजी नमकीन एंड स्नैक्स, कोटा सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पैकेज्ड वस्तुओं के नेट कंटेंट, आवश्यक घोषणाओं तथा कांटा-बांटों का परीक्षण एवं सत्यापन किया गया। जांच के दौरान पैकेजिंग लाइसेंस एवं कांटों के सत्यापित प्रमाण-पत्र प्रदर्शित नहीं किए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कुल 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

मुख्य सचिव 8 अक्टूबर को कोटा दौरे पर

कोटा, (निसं)। राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास गुरुवार, 8 अक्टूबर को कोटा के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य सचिव दोपहर 1:30 बजे कोटा सर्किट हाउस पहुंचेंगे। दोपहर 2 बजे साइबर थाना, कोटा का दौरा करेंगे। इसके बाद अपरान्ह 3 बजे न्यू मेडिकल कॉलेज एवं शाम 4 बजे कोटा सुपर थर्मल पावर स्टेशन का दौरा करेंगे। मुख्य सचिव शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में चंबल सैंड माइनिंग प्रकरण से संबंधित राज्य स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में शामिल होंगे। शाम 6 बजे जल संचय-जल संवर्धन कार्यक्रम एवं सिंचाई/पीएचईडी परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। शाम 7 बजे सर्किट हाउस में कोटा में पदस्थापित अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। रात्रि विश्राम कोटा सर्किट हाउस में करेंगे और शुक्रवार को प्रातः बूंदी के लिए रवाना हो जाएंगे।

स्वास्थ्य कारणों से चुनाव ड्यूटी से मुक्ति के लिए मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट अनिवार्य

कोटा, (निसं)। पंचायत आम चुनाव-2026 के मद्देनजर चुनाव ड्यूटी में नियुक्त कार्मिकों एवं अधिकारियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के आधार पर ड्यूटी से मुक्ति के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट प्रक्रिया निर्धारित की है। स्वास्थ्य कारणों से चुनाव ड्यूटी से मुक्ति चाहने वाले कार्मिकों का मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा तथा बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर ही ड्यूटी से मुक्ति के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस संबंध में महाराव भीम सिंह चिकित्सालय, कोटा के अधीक्षक को मेडिकल बोर्ड गठित करने के निर्देश दिए हैं। मेडिकल बोर्ड संबंधित कार्मिकों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। स्वास्थ्य कारणों से चुनाव ड्यूटी से मुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों पर मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर ही आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि केवल स्वास्थ्य संबंधी कारणों का उल्लेख करते हुए प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करने अथवा बिना उचित कारण चुनाव ड्यूटी से अनुपस्थित रहने मात्र से ड्यूटी से मुक्ति मान्य नहीं होगी। स्वास्थ्य संबंधी वास्तविक समस्या होने पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मेडिकल बोर्ड से स्वास्थ्य परीक्षण करवाना आवश्यक होगा। चुनाव ड्यूटी से संबंधित किसी भी प्रकार की छूट अथवा मुक्ति निर्धारित प्रक्रिया एवं सक्षम स्तर पर लिए गए निर्णय के अनुसार ही मान्य होगी।

राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में बून्दी की बेटियों का शानदार प्रदर्शन

बून्दी। खंडाला, फालना, जिला पाली में आयोजित 70वीं एसजीएफआई राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में बून्दी की लवप्रीत कौर, पायल तथा ओजस्वी शर्मा ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। तीनों खिलाड़ियों के राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होने पर बून्दी के खेलप्रेमियों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। संगठन बून्दी के अध्यक्ष संजय बाहेती ने बताया कि लवप्रीत कौर खेलों के साथ-साथ पढ़ाई में भी अव्वल हैं। लवप्रीत कौर हाड़ौती क्षेत्र की पहली इंटरनेशनल फेडरेटेड शतरंज खिलाड़ी हैं।

रेल हादसे की सूचना पर टीमों ने लगाई दौड़, हादसा निकला मॉक ड्रिल

कोटा, (निसं)। कोटा मंडल में बुधवार सुबह अचानक इमरजेंसी हूटर बजा, जिसके बाद मंडल मे हडकंप मच गया, मामले में सूचना सामने आई कि कोटा मंडल के गुडला स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन और मालगाड़ी में टक्कर हो गई है और दो ट्रेनों की टक्कर में डिब्बे एक-दूसरे के ऊपर चढ़ गए हैं हादसे में कई यात्री घायल होकर कोचों में फंसे हुए हैं। सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारियों से लेकर पुलिस, प्रशासन और चिकित्सा विभाग तक में हड़कंप मच गया। अधिकारी और बचाव दल बिना समय गंवाए घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े, मौके पर पहुंची टीमों के सामने हादसे का दर्दनाक दृश्य था क्षतिग्रस्त डिब्बों में यात्रियों के फंसे होने की सूचना के बीच राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया।



कोटा मंडल के गुडला स्टेशन पर रेलवे द्वारा की गई मॉकड्रिल के दौरान उपस्थित रेलवे अधिकारी

- एक्सप्रेस ट्रेन ने मालगाड़ी को मारी टक्कर की मिली सूचना
- पूरा घटनाक्रम आपदा के समय तैयारियों को परखने के लिए किया गया अभ्यास था

एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, सिविल डिफेंस, पुलिस और चिकित्सा विभाग की टीमें सक्रिय हो गईं, बाद में मामले में सामने आया कि यह कोई वास्तविक ट्रेन दुर्घटना नहीं, बल्कि रेलवे की मॉकड्रिल थी। हादसे की सूचना से लेकर रेस्क्यू ऑपरेशन तक पूरा घटनाक्रम आपदा के समय तैयारियों को परखने के लिए किया गया अभ्यास था

रेल हादसे की सूचना पर रेलवे डीआरएम सहित अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि मॉक अभ्यास के तहत आपातकालीन हुटर बजने के साथ रेलवे नियंत्रण कार्यालय को सूचना दी गई कि गुड़ला स्टेशन की लाइन संख्या 4 पर खड़ी मालगाड़ी को गाड़ी संख्या 02653 मुंबई-अमृतसर विशेष ट्रेन ने पीछे से टक्कर मार दी है। काल्पनिक दुर्घटना में यात्री ट्रेन के एस-1 एवं एस-2 कोच पटरी से उतरकर एक-दूसरे के ऊपर चढ़ गए, अभ्यास को वास्तविक आपदा जैसी परिस्थिति प्रदान करने के लिए दो यात्रियों की मृत्यु तथा चार यात्रियों के गंभीर रूप से घायल होने का काल्पनिक परिदृश्य बनाया गया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे नियंत्रण कार्यालय द्वारा निर्धारित आपदा प्रबंधन प्रक्रिया के अनुसार संबंधित विभागों एवं राहत एजेंसियों को तत्काल सूचित किया गया। दुर्घटना राहत चिकित्सा यान (एआरएमई) घटनास्थल पर पहुंचा और राहत एवं चिकित्सा सहायता की कार्रवाई प्रारंभ की गई।

रेलवे, एनडी आरएफ, एसडी आरएफ, सिविल डिफेंस तथा अन्य सहभागी एजेंसियों की टीमों ने संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्य का अभ्यास किया। दुर्घटनाग्रस्त कोचों में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने, घायलों को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने तथा गंभीर घायलों को आगे के उपचार के लिए भेजने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया।चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था को भी परखा गया।। डेस्क स्थापित किए गए, जहां से दुर्घटना से संबंधित जानकारी आमजन तक पहुंचाने की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। इस दौरान यात्रियों एवं उनके परिजनों को समय पर सही जानकारी उपलब्ध कराने तथा विभिन्न माध्यमों से सूचना के प्रभावी आदान-प्रदान की व्यवस्था को भी परखा गया। रेलवे के परिचालन, संरक्षा, चिकित्सा, यांत्रिक, इंजीनियरिंग, विद्युत, सिग्नल एवं दूरसंचार, वाणिज्य, कार्मिक तथा रेलवे सुरक्षा बल सहित विभिन्न विभागों ने अपने निर्धारित दायित्वों के अनुसार अभ्यास में भाग लिया।

बूंदी उपभोक्ता आयोग का ऐतिहासिक फैसला

बूंदी। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बूंदी ने बीमा क्लेम खारिज करने के एक महत्वपूर्ण मामले में बजाज अलाइन्ज लाईफ इन्श्योरेन्स कंपनी लिमिटेड के खिलाफ कड़ा फैसला सुनाया है। दो नाबालिग बच्चों के हक में आयोग ने आदेश पारित करते हुए बीमा कंपनी को पॉलिसी की अवार्ड राशि 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ चुकाने का आदेश दिया था जिसकी पालना में विपक्षी बीमा कंपनी द्वारा भुगतान का डीडी एक करोड़ अड़सठ लाख बत्तीस हजार पांच सो बत्तीस रुपए प्रदान किया गया। परिवादी परिवाद सं. 231/2024 में अवयस्क निश्चल तोतला औरअद्वैततोतला की ओर से उनके संरक्षक भगवान प्रसाद तोतला ने एडवोकेट वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश पारीक , एडवोकेट सुमित पारीक के माध्यम से यह परिवाद दायर किया था।परिवादीगणके पिता नितेश तोतला और माता की 11 नवंबर 2021 को हरिद्वार (मंगलोर) में एक भीषण सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी।

मृतक दंपती ने बजाज अलाइन्ज से एक संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी ली हुई थी। माता-पिता के निधन के बाद जब क्लेम पेश किया गया, तो बीमा कंपनी ने 27 फरवरी 2023 को यह कहकर क्लेम खारिज कर दिया कि बीमित नितेश तोतला पॉलिसी लेने से पूर्व हाइपरप्रोलेक्टिनेमिया नामक बीमारी से ठासित थे और उन्होंने यह बात छिपाइ थी। परिवादीपक्ष के एडवोकेट सुमित पारीक , रोहित शर्मा , किंशुक पारीक , नंदिनी विजय ने आयोग के समक्ष तर्क पेश किए और साबित किया कि बीमा कंपनी पूर्व बीमारी को प्रमाणित करने के लिए कोई भी ठोस साक्ष्य या जांच रिपोर्ट पेश करने में पूरी तरह विफल रही है। आयोग ने अपने निर्णय में यह भी गंभीर माना कि बीमा कंपनी ने क्लेम स्वीकार कर देय राशि पर 61,131 इकसठ हजार एक सो इकतीस रुपये का टीडीएस तो काट लिया था, लेकिन भुगतान नहीं किया, जो कि स्पष्ट रूप स सेवादोष और अनैतिक व्यापारिक व्यवहार की श्रेणी में आता है। आयोग के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार और सदस्यरमाकान्तदीक्षित की पीठ ने 30 जुलाई 2026 को सुनाए गए निर्णय में बीमा कंपनी के क्लेम खारिज करने के आदेश को अवैध माना। आयोग ने आदेश दिया कि बीमा कंपनी दो माह के भीतर अवार्ड राशिपरिवादीगणको परिवाद पेश करने की दिनांक से 6 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज सहित अदा करे।यदि दो माह में भुगतान नहीं किया जाता है, तो कंपनी को 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देना होगा। इसके अतिरिक्त, परिवादीगण को मानसिक संताप के पेटे 25,000 रुपये और परिवाद व्यय (कानूनी खर्च) के रूप में 10,000 रुपये भी अदा करने का आदेश दिया गया है।

नवनिर्वाचित पार्षदों का सम्मान करेगा सकल जैन समाज

बूंदी। सकल जैन समाज, बूंदी की बैठक बघेरवाल छात्रावास में आयोजित हुई। बैठक में समाज के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए आगामी 18 अक्टूबर 2026, रविवार को दोपहर 2 बजे बघेरवाल छात्रावास में सम्मान समारोह आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में बूंदी जिले में जैन समाज से निर्वाचित नगर निकाय पार्षदों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही पर्युषण पर्व के दौरान 3 उपवास एवं उससे अधिक तपस्या करने वाले श्रावक-श्राविकाओं का बहुमान एवं तपस्या की अनुमोदना की जाएगी। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए संजय जैन को संयोजक तथा लोकेश गोधा, राजेन्द्र जैन एवं सुनील जैन को सह-संयोजक नियुक्त किया गया। सहयोग राशि संठाह की जिम्मेदारी प्रकाश महात्मा, सुरेन्द्र छाबड़ा एवं ओमप्रकाश ठग को दी गई।वहीं कार्यक्रम में दिए जाने।

विश्व दृष्टि दिवस पर सुवि नेत्र चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम

कोटा, (निसं)। नेत्र हैं, तो जहान है- अपनी आँखों से प्रेम कीजिए के संदेश के साथ विश्व दृष्टि दिवस पर गुरुवार, 8 अक्टूबर को सुबह 9.30 से 10.30 बजे तक सुवि नेत्र चिकित्सालय, कोटा के सभागार में शैक्षणिक एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन (आई.एम.ए.) की कोटा शाखा, कोटा डिवीजनल ऑफ्थेलमिक सोसायटी (केडीओएस) तथा आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के कोटा चैप्टर द्वारा सुवि नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य दृष्टि संरक्षण, नियमित नेत्र परीक्षण तथा बचाव एवं उपचार योग्य अंधता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आयोजक संस्थाओं के पदाधिकारियों में आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के कोटा चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. के. के. कंजोलिया एवं सचिव सुरेश सेदवाल, इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन की कोटा शाखा के अध्यक्ष डॉ. दीपक गुप्ता एवं सचिव डॉ. अजीत ढाकर तथा कोटा डिवीजनल ऑफ्थेलमिक सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. कमलेश केड़ावत एवं सचिव डॉ. राजेंद्र चंदेल शामिल हैं। सुवि नेत्र चिकित्सालय की ओर से डॉ. सुरेश पाण्डेय, डॉ. विदुषी शर्मा, डॉ. सत्येन्द्र कुमार गुप्ता, डॉ. सुभाष गुप्ता एवं डॉ. निपुण बागरेचा कार्यक्रम से जुड़े हैं। कार्यक्रम में लव योर आईज, अर्थात अपनी आँखों से प्रेम कीजिए के आह्वान के साथ स्वस्थ दृष्टि और उज्ज्वल भविष्य का संदेश दिया जाएगा। मोतियाबिंद, काला पानी, मधुमेह से होने वाले आँखों के परदे के रोग, बच्चों में बढ़ते निकट दृष्टिदोष तथा नेत्रदान के महत्व पर चर्चा होगी। मोबाइल और कंप्यूटर के लगातार उपयोग से होने वाली आँखों की थकान एवं सूखेपन से बचाव के व्यावहारिक उपाय भी बताए जाएंगे। दृष्टि केवल देखने की क्षमता नहीं, बल्कि शिक्षा, आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और जीवन की गरिमा का आधार है। कार्यक्रम में बुजुर्गों की घटती दृष्टि को उम्र का सामान्य प्रभाव मानकर टालने के बजाय समय पर नेत्र परीक्षण कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मोतियाबिंद के पूरी तरह पकने की प्रतीक्षा करने के बजाय दृष्टि, दैनिक कामकाज और चिकित्सकीय स्थिति के अनुसार उपचार कराने का महत्व समझाया जाएगा।

- मोतियाबिंद, काला पानी, मधुमेह से होने वाले आँखों के परदे के रोग, बच्चों में बढ़ते निकट दृष्टिदोष तथा नेत्रदान के महत्व पर चर्चा होगा

रामगंजमंडी में डामर पेचवर्क कार्य शुरू

रामगंजमंडी, (निसं)। नगर पालिका क्षेत्र में बुधवार से डामर पेचवर्क कार्य की शुरुआत हो गई। पेचवर्क कार्य शुरू होने से शहर की बदहाल सड़कों से परेशान आमजन को राहत मिलने की उम्मीद है।

नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र काला ने बताया कि बारिश के बाद शहर की सड़कों पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए थे। इसके कारण वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। समस्या को देखते हुए नगर पालिका की ओर से सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया है। अध्यक्ष ने बताया कि पहले चरण में मुख्य सड़कों और बाजार क्षेत्र में डामर पेचवर्क कराया जाएगा। इसके बाद नगर के सभी वार्डों में प्राथमिकता के आधार पर सड़क मरम्मत का कार्य किया जाएगा। नगर पालिका प्रशासन के अनुसार पेचवर्क में गुणवत्तापूर्ण डामर सामग्री का उपयोग किया जाएगा, ताकि सड़कों की स्थिति में स्थायी सुधार हो सके। कार्य शुभारंभ के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष महेंद्र सामरिया, पूर्व पालिका अध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल, मंडल अध्यक्ष शैलेश काला, जिला महामंत्री भगवान सिंह धाकड़।

खोया -पाया सूचना

सूचित हो कि मेरे निम्नलिखित दस्तावेज दिनाक 19.12.2025 को बूंदी मे कहीं खो गए हैं, जिसमें 1. अनुज्ञा पत्र हस्तांतरण विलेख 2. कैसिलेसन पत्र जो ज्योति कुमावत पत्नी टोनी कुमावत, अनसूया पत्नी रितेश व आरती कुमावत पत्नी राजकुमार कुमावत के नाम है यदि किसी को मिलें, तो कृपया सूचित करें।

ज्योति पुत्री जगदीश कुमावत,म.न. 2-A-4, विकास नगर, हाउसिंग बोर्ड, बूंदी

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य वास्तु हाउसिंग फाइनेन्स कॉरपोरेशन लिमिटेड, शाखा कोटा द्वारा श्री अबरार अहमद पुत्र श्री अन्सार अहमद निवासी 777, आबिद डिस्क वाले की गली किशोरपुरा, कोटा (राजस्थान) को श्री मुकेश टेकवानी पुत्र श्री वासुदेव टेकवानी निवासी मकान संख्या 352, शास्त्री नगर, दादाबाडी, कोटा (राजस्थान) से उनके स्वामित्व के एक दो मंजिला मकान कुल क्षेत्रफल 1455.20 वर्गफुट व निर्मित क्षेत्रफल ग्राउण्ड फ्लोर 1385.07 वर्गफुट व फर्स्ट फ्लोर 1262.57 वर्गफुट व सैकिण्ड फ्लोर 320.18 वर्गफुट (पट्टीपोश), वाके किशोरपुरा कोटा (राजस्थान) में स्थित है को क्रय करने हेतु ऋण दिया जा रहा है।

यह कि उक्त संपत्ति को श्री मुकेश टेकवानी ने श्रीमती कमला बाई से जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक-06.05.2021 से क्रय किया था। उक्त संपत्ति को श्रीमती कमला बाई को अपनी माताजी श्रीमती पन्नी बाई द्वारा की गई वसीयत रजिस्टर्ड दिनांक 23.07. 2014 के आधार पर श्रीमती पन्नी बाई के स्वर्गवास के पश्चात् प्राप्त हुआ था। विक्रेता के पास रजिस्टर्ड वसीयत दिनांक 23.07.2014 से पहले का उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित कोई भी दस्तावेज व श्रीमती पन्नी बाई का Death Certificate उपलब्ध नही है।

यह कि उक्त सम्पत्ति को क्रय कर रहन रखकर ऋण देने के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था या अन्य को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता को 7 दिवस के भीतर सूचित कर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा श्री अबरार अहमद द्वारा उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करवा लिया जावेगा।

भवदीय

कमल गुप्ता, एडवोकेट

एम.पी.ए.53 महावीर नगर द्वितीय, कोटा

मो. 9414288889,9782799499

ट्रेनों की टक्कर में कई घायल

बूंदी। दिल्ली-मुंबई रेल लाइन पर आज सुबह अचानक इमरजेंसीहुटरबजा और गुडला रेलवे स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना थी किगुहलारेलवे जंक्शन के पास भीषण ट्रेन हादसा हो गया है। दो ट्रेनों की टक्कर में डिब्बे एक-दूसरे के ऊपर चढ़ गए हैं और कई यात्री घायल होकर कोचों में फंसे हुए हैं। सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारियों से लेकर पुलिस, प्रशासन और चिकित्सा विभाग तक में हडकंप मच गया। अधिकारी और बचाव दल बिना समय गंवाए घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। मौके पर पहुंची टीमों के सामने हादसे का दर्दनाक दृश्य था।

रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए रक्तदान शिविर सम्पन्न

बूंदी, । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालेड़ा में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित विशेष रक्तदान शिविर आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में क्षेत्र के नागरिकों, युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालेड़ा के प्रभारी डॉ. रामावतार नागर ने बताया कि हाई रिस्क गर्भावस्था में प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव अथवा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में तत्काल रक्त की आवश्यकता पड़ सकती है। ऐसी परिस्थितियों में समय पर पर्याप्त रक्त उपलब्ध करवाना मां और शिशु दोनों की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सीएचसी तालेड़ा द्वारा रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इस विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. नागर ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से जरूरतमंद मरीजों, विशेषकर हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए आवश्यक समय पर रक्त उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि रक्तदान महज एक सामाजिक सेवा नहीं, बल्कि किसी मां और उसके अजन्मे शिशु के जीवन की रक्षा का संकल्प है। रक्तदाताओं द्वारा दिया गया प्रत्येक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवन की नई उम्मीद बन सकता है।डॉ. नागर ने आमजन से भविष्य में भी नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने तथा इस मानवीय अभियान से जुड़ने का आ ान किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालेड़ा का प्रयास रहेगा कि हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं सहित आवश्यकता वाले मरीजों के लिए समय पर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित हो तथा रक्त की कमी के कारण किसी भी आपातकालीन स्थिति में उपचार प्रभावित न हो

- शिविर में क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक : 194 **नाम हस्तान्तरण वाहने बाबत् आम सूचना** दिनांक : 2.9.2026

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा दुकान/भूखण्ड संख्या-77 जे.पी. मार्केट निर्मित योजना का आवंटन/नामहस्तारण क्रमांक 40-41 दिनांक 25.01.2012 को श्रीमति कौशल्या बाई पत्नि स्व. श्री सुगनचन्द को जारी किया गया। श्रीमति कौशल्या बाई के जर्ये रजिस्टर्ड दान पत्र आधार पर श्री राम चन्द कुकरेजा पुत्र स्व. श्री सुगन चंद द्वारा उक्त भूखण्ड/दुकान को अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड/दुकान संख्या - 77 जे.पी. मार्केट निर्मित योजना का नाम हस्तान्तरण आवेदक श्री राम चन्द कुकरेजा पुत्र स्व. श्री सुगन चंद के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

106 साल की पुरानी कोटा कर्मचारी सहकारी समिति की आमसभा 11 को

कोटा, (निसं)। सहकारिता के विश्वास, पारस्परिक सहयोग और आर्थिक आत्मनिर्भरता की 106 वर्ष लंबी यात्रा का कोटा में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जुड़ने जा रहा है। कोटा कर्मचारी सहकारी समिति लिमिटेड संख्या 108 आर, कोटा की वार्षिक साधारण सभा का 106वां अधिवेशन 11 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे यूआईटी ऑडिटोरियम, रंगबाड़ी रोड, बालाजी नगर में आयोजित होगा।

106 वर्ष की इस यात्रा को विशेष बनाने के लिए भव्य सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें समिति के 251 नियमित वरिष्ठ सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर सहकार नेता नागरिक सहकारी बैंक अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला, अध्यक्ष डॉ. मीनू बिरला, उपाध्यक्ष रासबिहारी पारीक, सचिव विमल चंद जैन, उप सचिव दिनेश पनवाड़, महिला संचालक हंसा त्यागी, निदेशक सूर्यकान्त शर्मा, कर्ण सिंह हाड़ा, डा. विनोद पंकज, मुकुट बिहारी, ओमप्रकाश शर्मा, कार्यकारी प्रबंधक रामचरण धूत ने पुस्तिका का विमोचन किया।

- 5195 सदस्यों का मजबूत वटवृक्ष , 227.74 करोड़ की कार्यशील पूंजी और 183.69 करोड़ की अमानतें, 251 वरिष्ठ सदस्यों का होगा सम्मान

सचिव विमल जैन ने बताया कि समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओमकृष्ण बिरला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री गौतम दक समारोह की अध्यक्षता करेंगे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, लाडपुरा विधायक कल्पना देवी, कोटा नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेशकृष्ण बिरला, कोटा जिला सहकारी उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष हरिकृष्ण बिरला, कोटा नगर निगम की महापौर अनुसूईया गोस्वामी, श्री हितकारी विद्यालय शिक्षा सहकारी समिति की अध्यक्ष सूरज बिरला तथा महिला नागरिक सहकारी बैंक की अध्यक्ष मंजू बिरला सहित अनेक विशिष्ट अतिथि समारोह की गरिमा बढ़ाएंगे। सहकार नेता राजेश कृष्ण बिरला ने बताया कि समिति के इतिहास में पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय श्रीकृष्ण बिरला का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। वर्ष 1960 से 2020 तक संचालक मंडल सदस्य, सचिव और अध्यक्ष के रूप में उन्होंने समिति के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके कार्यकाल में समिति भवन का निर्माण, बचत खाता, निरंतर बचत खाता एवं स्थायी जमा खाता जैसी बैंकिंग सेवाओं की शुरुआत तथा समिति का कंप्यूटरीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य हुए। उनके कार्यकाल में 330 सदस्यों वाली समिति आज 5195 सदस्यों के मजबूत परिवार के रूप में विकसित हुई है। उपाध्यक्ष रासबिहारी पारीक ने बताया कि समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना और ध्वजारोहण से होगा। बालिकाओं द्वारा सहकार एवं स्वागत गान की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद सचिव विमलचंद जैन समिति की कार्यप्रगति का विवरण प्रस्तुत करेंगे। अतिथियों के संबोधन के पश्चात 251 वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। अध्यक्ष डॉ. मीनू बिरला के आभार प्रदर्शन के साथ सम्मान समारोह का प्रथम सत्र संपन्न होगा। सचिव विमल जैन ने बताया कि सम्मान समारोह के बाद साधारण सभा के दूसरे सत्र में समिति के आगामी कार्यों और वित्तीय दिशा से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मंथन होगा।

वर्ष 2025-26 में समिति को 1.64 करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध लाभ हुआ है। निदेशक मंडल ने सदस्यों को भाग हिस्से पर 10 प्रतिशत लाभांश देने का प्रस्ताव रखा है। समय पर ऋण चुकाने वाले सदस्यों को प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। इसमें 29 सितंबर 2025 को आयोजित पिछली वार्षिक सभा की कार्यवाही की पुष्टि, वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन, वर्ष 2025-26 के वास्तविक लेखा विवरण तथा वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट पर विचार किया जाएगा। वर्ष 2026-27 के लिए अंकेक्षक की नियुक्ति, पारिश्रमिक निर्धारण और अंकेक्षण प्रतिवेदन के अनुमोदन के साथ लाभ वितरण से जुड़े प्रस्ताव भी रखे जाएंगे।

20